गमदूर सिंह आदि बनाम जसवीर सिंह आदि 2025/464

अन्तर्गत धारा 152 सीपीसी, प्रकरण संख्या 87 सन् 2025

तामिल हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.10.2025	प्रार्थी चेत सिंह पुत्र पिला सिंह जाति जटसिख निवासी रामगढसंगर तहसील श्रीकरणपुर के द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 152 सीपीसी पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी के द्वारा प्रार्थना पत्र में अर्ज किया कि प्रकरण के निर्णय दिनांक 25.07.2024 व डिक्री दिनांक 30.07.2024 में सहवन से वादी संख्या 2 का नाम चेत सिंह पुत्र पिला सिंह के स्थान पर चेत सिंह पुत्र श्याम सिंह अंकित हो गया है। अतः माननीय न्यायालय के निर्णय दिनांक 25.07.2024 व डिक्री दिनांक 30.07.2024 को दुरूस्त किये जाने के आदेश पारित किये जावे। हमने बहस विद्वान अधिवक्ता की विस्तारपूर्वक सुनी गई। दौराने बहस अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार कर निर्णय दिनांक 25.07.2024 व डिक्री दिनांक 30.07.2024 को दुरूस्त किए जाने का निवेदन किया। हमने प्रार्थी अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र तथा उसके साथ प्रस्तुत प्रकरण संख्या 302/2023 गमदूर सिंह आदि बनाम जसवीर सिंह आदि वादपत्र अन्तर्गत धारा 53, 88, 91 के निर्णय तथा डिक्री का अध्ययन और अवलोकन किया गया। धारा 152 सीपीसी "निर्णयों, डिक्रियों या आदेशों का संशोधन–निर्णयों, डिक्रियों या आदेशों में की लेखन या गणित संबंधी भूले या किसी आकस्मिक भूल या लोप से उसमें हुई गलतियां न्यायालय द्वारा स्वप्रेरणा से या पक्षकारों में से किसी के आवेदन पर किसी भी समय शुद्व की जा सकेगी" प्रार्थना पत्र 152 सीपीसी में प्रार्थी द्वारा चाहा गया अनुतोष लेखन में भूल होने से हुआ है। अतः निर्णय दिनांक 25.07.2024 व डिक्री दिनांक 30.07.2024 में वादी संख्या 2 का नाम चेत सिंह पुत्र श्याम सिंह के स्थान पर चेत सिंह पुत्र पिला सिंह पढे जाने के आदेश दिए जाते है। इस निर्णय के शेष अंकन बदस्तुर रहेगे। प्रार्थना पत्र सामिल पत्रावली रहे। आदेश सुनाया गया। संशोधित पर्चा डिक्री जारी हो। संशोधित पर्चा डिक्री की एक प्रति तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली निर्णीत होकर नम्बर से कम होकर मूलवाद के साथ संलग्न हो। उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर) सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)	